अध्याय

6

ई–मेल

प्रस्तावना

ई–मेल या इलेक्ट्रॉनिक मेल, इन्टरनेट के माध्यम से, पत्र भेजने का एक तरीका है। मेल शब्द का अर्थ होता है संदेश, अर्थात् इससे हम यह समझ सकते हैं कि यह एक प्रकार की चिट्ठी या संदेश होता है, जब इस संदेश या चिट्ठी को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजा जाता है तो उसे ई–मेल (e-mail) कहते हैं। ई–मेल के द्वारा हम विश्व के किसी भी कोने में में बैठे इंसान तक सिर्फ कुछ सेकण्ड में ही अपना संदेश भेज सकते हैं और अन्य इंसान द्वारा भेजा संदेश इलेक्ट्रॉनिक रूप में पा सकते हैं।

ई–मेल के साथ हम अन्य फाइलें जैसे—फोटो या डॉक्युमेन्ट्स भी जोड़कर भेज सकते हैं।

प्रश्न 1. ट्यूशन टीचर की आवश्यकता हेतु एक ई–मेल लिखिए।

उत्तर—

From : < madhu15@gmail.com
To : < mal@tutorial.com>
Cc : < hr@tutorial.com> दिनांक : 23-04-22

विषय : ट्यूशन टीचर की आवश्यकता हेतु जानकारी

महोदय,

मैं सपना कुमारी बारहवीं कक्षा की विद्यार्थी हूँ। मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि आप विभिन्न विषयों की ट्यूशन की जानकारी उपलब्ध कराते हैं। मुझे अपने लिए एक गणित विषय की ट्यूशन की आवश्यकता है।

आपसे अनुरोध है कि मुझे गणित विषय का ट्यूशन उपलब्ध कराने में सहायता करें।

धन्यवाद
सपना कुमारी
कक्षा—12^{th}
मो. 8447070356

प्रश्न 2. किसी विषय के प्रशिक्षण के लिए ई–मेल करें।

उत्तर—

From : madhu14@gmail.com
To : hr14@gmail.com
Cc : prt@gmail.com दिनांक : 23-04-22

विषय : कम्प्यूटर विषय के 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु जानकारी

अभिवादन,

आपका चयन कम्प्यूटर विषय के 10 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए हुआ है। आपको प्रशिक्षण अवधि के लिए भुगतान किया जाएगा। आपका प्रशिक्षण मंगलवार 15 अप्रैल, 2022 से शुरू होगा। जब आप प्रशिक्षण के लिए आएँ तो अपने साथ नीचे दिए गए दस्तावेजों की प्रतियाँ लेकर आएँ। यह दस्तावेज आपको विभाग में जमा करने होंगे।

धन्यवाद
Maduri vaish
Mob. 8442010306

आवश्यक दस्तावेज
पासबुक
आधार कार्ड
पेन कार्ड

प्रश्न 3. किसी पाठ्यक्रम विवरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए ई–मेल करें।

उत्तर—

From : rcp@gmail.com
To : abc1462@gmail.com
Cc : xyz1442@gmail.com दिनांक : 23-04-22

विषय : पाठ्यक्रम विवरण के सम्बन्ध में

माननीय महोदय,

मैं माधुरी वैश्य दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में हिन्दी विषय की शोध छात्रा हूँ। मैं आपके संस्थान से कम्प्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा करना चाहती हूँ। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित जानकारी हेतु आप मुझे पाठ्यक्रम की विवरणिका की एक प्रति भेज दीजिए।

आपके इस सहयोग से मुझे पाठ्यक्रम को समझने में सहायता मिलेगी।

धन्यवाद
शोधार्थी
माधुरी वैश्य
दयालबाग एजुकेशनल कॉलेज
आगरा

प्रश्न 4. दूरदर्शन अधिकारी को कार्यक्रमों में सुधार हेतु सुझाव के लिए ई–मेल करें।

उत्तर—

From : rcp@gmail.com
To : abc1562@gmail.com
Cc : xyz1432@gmail.com दिनांक : 22-04-22

विषय : दूरदर्शन कार्यक्रमों हेतु सुझाव

महोदय,

दूरदर्शन देश के लाखों लोगों के मनोरंजन व ज्ञान का स्रोत है, किन्तु बच्चों और युवा वर्ग के लिए जो कार्यक्रम ज्ञानवर्धक हो सकते हैं, ऐसे कार्यक्रम दूरदर्शन पर न के बराबर दिखाये जाते हैं। यदि रविवार को प्रात: या दोपहर के समय विज्ञान या जनरल नॉलेज से सम्बन्धित कोई कार्यक्रम प्रसारित किया जाए तो यह विद्यार्थियों के लिए लाभदायक व रुचिकर सिद्ध होगा।

अत: आपसे अनुरोध है कि विद्यार्थी व युवा वर्ग को ध्यान में रखते हुए दूरदर्शन पर ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का प्रसारण करें।

धन्यवाद

माधुरी

Mob : 8447070356

प्रश्न 5. किसी कॉलेज में हिन्दी विषय में सहायक अध्यापक के रिक्त पद की जानकारी के लिए ई-मेल करें।

उत्तर—

From : rcp@gmail.com

To : abc1462@gmail.com

Cc : xyz1952@gmail.com दिनांक : 22-04-22

विषय : हिन्दी विषय में सहायक अध्यापक के रिक्त पद की जानकारी

कला संकाय प्रमुख

डी.ई.आई, दयालबाग

आगरा—282005

माननीय महोदय,

सादर सूचित करना चाहती हूँ कि मैं माधुरी वैश्य हिन्दी विभाग की शोध छात्रा हूँ। मेरी पी.एच.डी. समाप्त होने की ओर अग्रसर है। महोदय हिन्दी विभाग में सहायक अध्यापक के कुल कितने पद रिक्त हैं? कृपया जानकारी प्रदान करें।

आपसे सहयोग की अपेक्षा में

धन्यवाद

शोधार्थी

माधुरी वैश्य

हिन्दी विभाग

कला संकाय

रजिस्ट्रेशन क्रमांक : 184186

माधुरी

Mob : 8447070356

❑❑

OSWAAL BOOKS® LEARNING MADE SIMPLE